# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्र. 1917/परीक्षा/2022

रायपुर, दिनाक 05/04/2022

## //अधिसूचना//

उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के आदेश कमांक एफ 3–33/2020/38–1 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 28.03.2022 एवं विश्वविद्यालय कार्य परिषद की बैठक दिनांक 01.04.2022 दिन– शुक्रवार में लिये गये निर्णयानुसार शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय रायपुर की स्नातक की सत्र 2021–22 की वार्षिक परीक्षा ऑनलाईन/ब्लैण्डेड पद्वति से आयोजित की जाएगी।

1. आनॅलाइन परीक्षाएँ महाविद्यालय द्वारा जारी की गई समय–सारिणी के अनुसार आयोजित होंगी।
2. परीक्षार्थियों को स्वयं अपनी उत्तरपुस्तिका ए–4 साईज के पेपर में उपयोग करनी होगी।
3. परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र समय–सारिणी के अनुसार सुबह 08–00 बजे मेंटर्स के द्वारा व्हाटसप के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा। परीक्षा की अवधि प्रातः 08:00 से 11:00 बजे तक होगी।
4. परीक्षार्थी द्वारा प्रश्नों का उत्तर समयावधि में लिखकर उसी दिन स्वयं उत्तर पुस्तिका को महाविद्यालय में अपरान्ह 12:00 से 03:00 बजे तक आवश्यक रूप से जमा करेंगे
5. सभी परीक्षा कार्य कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु शासन द्वारा जारी किये गये दिशा–निर्देशों के अधीन सुनिश्चित् करें।

05.4.22

प्राचार्य
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्र. 1918/परीक्षा/2022 — रायपुर, दिनांक 05/04/2022

## //परीक्षार्थियों के लिए दिशा–निर्देश //

उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के आदेश क्रमांक एफ 3–33/2020/38–1 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 28.03.2022 एवं विश्वविद्यालय कार्य परिषद की बैठक दिनांक 01.04.2022 दिन– शुक्रवार में लिये गये निर्णयानुसार शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय रायपुर की स्नातक की सत्र 2021–22 की वार्षिक परीक्षा ऑनलाईन/ब्लैण्डेड पद्वति से आयोजित की जाएगी। उक्त समस्त परीक्षाओं में घोषित समय–सारिणी के अनुसार स्नातक के नियमित/भूतपूर्व/पूरक (अंतिम अवसर), के छात्र परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

## (अ) उत्तर पुस्तिका संबंधी निर्देश–

1. परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ (कव्हर पेज) जिस पर महाविद्यालय की सील अंकित होगा एवं परीक्षा नियंत्रक द्वारा हस्ताक्षरित होगा, महाविद्यालय के वेबसाइट www. gnscr.ac.in से डाउनलोड कर सकेंगें।

   **या**

   परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका का मुख्य पृष्ठ (कव्हर पेज) का प्रारूप भाग – अ को ए–4 साईज के पेपर पर स्वयं भी बना सकते है।
2. उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के साथ परीक्षार्थी ए–4 आकार का कागज अपनी आवश्यकतानुसार उपयोग कर स्टेपल/टैगिंग करेंगे।
3. परीक्षार्थी उत्तर लिखने के लिए अधिकतम **16 पेज (32 पृष्ठ)** तक ही उपयोग करेंगे तथा पेपर के दोनो तरफ लिखेंगे।
4. प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए अलग–अलग उत्तरपुस्तिका का उपयोग किया जाना है।
5. उत्तरपुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ के उपरी भाग में क्रमानुसार पृष्ठ क्रमांक, स्वयं के हस्ताक्षर एवं अनुक्रमांक अवश्य लिखना होगा।
6. उत्तरपुस्तिका हस्तलिखित एवं स्वलिखित होना चाहिए। टाइपिंग/प्रिंटिंग उत्तरपुस्तिका मान्य नही होगा।
7. प्रश्नो के उत्तर क्रमानुसार हल करें।

8. "ब्लैंडेड पद्धति" के परीक्षा परिणाम पर परीक्षार्थी को पुनर्मूल्यांकन तथा पुनर्गणना एवं श्रेणी सुधार की पात्रता नहीं होगी।
9. सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अंतर्गत "ब्लैंडेड पद्धति" से संपन्न परीक्षाओं के उत्तर–पुस्तिका परीक्षार्थियों को प्रदान नहीं की जाएगी।
10. यदि कोई छात्र कोविड–19 से पीड़ित है, तो इसकी पूर्व सूचना स्वशासी परीक्षा प्रकोष्ठ लिखित में ईमेल / व्हाटसप से देंगे, जिसमें छात्र अपना पूरा विवरण का उल्लेख करेंगे, जैसे नाम, रोल नं., विषय एवं मोबाइल नं. आदि। साथ ही कोविड–19 की RTPCR रिपोर्ट संलग्न करेंगे।

## (ब) प्रश्न पत्र वितरण के संबंध में

1. समय–सारिणी के अनुसार प्रश्न पत्र महाविद्यालय के वेबसाईट तथा केन्द्राध्यक्ष व मेंटर्स के व्हाटसप पर प्रतिदिन प्रातः 07:30 बजे अपलोड कर दिया जाएगा। मेंटर्स छात्रों को प्रश्न पत्र PDF व्हाटसॅप ग्रुप में प्रातः 08:00 बजे प्रेषित करेंगे।
2. परीक्षार्थियों द्वारा प्रश्न पत्र का उत्तर उत्तर–पुस्तिका में ही प्रातः 08:00 बजे से 11:00 बजे तक लिख सकेंगे।

## (स) लिखित उत्तर–पुस्तिका जमा करने के संबंध में

1. परीक्षार्थीगण, परीक्षा हेतु दिए गए निर्धारित समय की समाप्ति के उपरांत उसी दिन अपरान्ह 12:00 से 03:00 बजे तक अपनी उत्तर–पुस्तिका को महाविद्यालय द्वारा निर्धारित कक्ष अनिवार्य रूप से जमा करेंगे।
2. उत्तरपुस्तिका जमा करते समय परीक्षार्थी अपना हस्ताक्षर एवं तारीख का उल्लेख अनिवार्य रूप से करेंगे।
3. उत्तरपुस्तिका निर्धारित दिवस एवं समय पर जमा नहीं करने की स्थिति में परीक्षार्थी को अनुपस्थित माना जाएगा।

परीक्षा नियंत्रक
स्वशासी परीक्षा प्रकोष्ठ
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

05.4.22
प्राचार्य
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)

## प्रारूप भाग - अ

# शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यलय , रायपुर (छ ग)

**NAAC ACCREDITED (3rd Cycle) 'B' GRADE**

महाविद्यालय वेबसाइट www.gnscr.ac.in

दूरभाष 0771-226313

ऑनलाईन वार्षिक सैद्धांतिक परीक्षा 2021–22 हेतु उत्तरपुस्तिका

**COVID-19**

| | |
|---|---|
| कक्षा के नाम | |
| अनुक्रमांक (Roll No.) | |
| अनुक्रमांक (शब्दों मे) | |
| नामांकन नं. / Enrollment No. (नियमित छात्रों हेतु) | |
| पंजीयन क्रमांक (Reg. No.) (अमहविद्यालयीन छात्रों हेतु ) | |
| छात्र / छात्राके नाम | |
| पिता का नाम | |
| विषय / प्रश्नपत्र क्र. | |
| सैद्धांतिक / प्रायोगिक | |
| परीक्षा के दिन | |
| परीक्षा के दिनाक | |
| महाविद्यालय के नाम | |
| मोबाइल नंबर | |
| संलग्न उत्तरपुस्तिका मे कुल पृष्ठों की संख्या | |
| छात्र का हस्ताक्षर | |

उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन हेतु

| प्रश्न क्रमांक | प्राप्तांक | प्राप्तांक (शब्दों मे) |
|---|---|---|
| वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Multiple Choice) (10 Question) | | |
| 1 - 10 | | |
| लघु उत्तरीय प्रश्न Short Answer | | |
| 1. | | |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |
| 5. | | |
| दीर्घ उत्तरीय प्रश्न Long Answer | | |
| 1. | | |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |
| 5. | | |
| योग Total | | शब्दों मे |
| परीक्षक के हस्ताक्षर | | |

Controller

GOVT. N.P.G. COLLEGE OF SCIENCE RAIPUR (C.G.)